# प्रेस विज्ञप्ति

## चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

### चिरेका में तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

### महाप्रबंधक ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

चित्तरंजन,14.07.2024;

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका)स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में 12 जुलाई से 14 जुलाई के बीच बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया किया गया। इस प्रतियोगिता में विविध श्रेणी के बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

टूर्नामेंट का समापन समारोह आज 14 जुलाई को सिंथेटिक कोर्ट परिषर मैं पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ. समापन समारोह मे श्री हितेंद्र मल्होत्रा, महाप्रबंधक सह सरंक्षक, चिरेका खेल कूद संगठन ने मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे तथा विजेता प्रतिभागियों पुरस्कार प्रदान किया . इस समारोह मे श्री रवींद्र प्रसाद (मुख्य सामग्री प्रबंधक), जनरल सेक्रेटरी, स्पोर्ट्स एसोसिएशन, प्रमुख विभाग अध्यक्षों, वरीय अधिकार, संगठन के पदाधिकार उपस्थित थे.

इस टूर्नामेंट का उद्घाटन,12.07.24 को किया गया था। इस टूर्नामेंट में कई श्रेणी के लोग खेल में भाग लिया ।जिसमें 17 वर्ष से कम लड़के-लड़कियाँ, 17 वर्ष से ऊपर लड़के, सिंगल/डबल श्रेणी सम्मिलित हुए। इस टूर्नामेंट में अधिकारी उनके परिवार के सदस्य,रेल नगरी स्थित विद्यालय के छात्र, रेल कर्मचारी और उनके आश्रितों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न उम्र वर्ग के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर उपस्थित खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया।